आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 02.08.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- दक्षिण अंडमान जिले में भू–संपत्ति के लिए सभी पंजीकरण प्रक्रियाएं अब ऑनलाइन संचालित की जाएंगी।
- सर्वोच्च न्यायालय ने आरक्षण में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उप–वर्गीकरण की अनुमति दी।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की ज़ोहरा बानू को भारतीय विदेश सेवा–आई एफ एस आवंटित किया गया है।
- नगरपालिका परिषद की ओर से डॉक्टर बी.आर. अम्बेडकर सभागार में रेहड़ी पटरी वालों को ऋण की सुविधा प्रदान करने के संबंध में शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- नगरपालिका परिषद सचिव ने कल आरजीटी रोड स्थित ड्राई रिसोर्स सेंटर का निरीक्षण किया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले में भू–संपत्ति के लिए सभी पंजीकरण प्रक्रियाएं अब ऑनलाइन संचालित की जाएंगी। इस सुविधा का शुभारंभ मुख्य सचिव श्री केशव चंद्र द्वारा किया गया। जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज़ पंजीकरण प्रणाली पोर्टल पर त्याग विलेख को एकीकृत किया गया है। इस सेवा को आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। इस पहल का उद्देश्य पंजीकरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना, इसे अधिक कुशल और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाना है। इसके अनुरूप, प्रशासन पंजीकरण प्रक्रिया में मैन्युअल इंटरफेस को पूरी तरह से समाप्त करने के लक्ष्य की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। कार्यक्रम में आयुक्त सह सचिव श्रीमती नंदिनी पालीवाल, राजस्व सचिव बी.एस. जगलान भी उपस्थित थे। इस परियोजना का नेतृत्व दक्षिण अंडमान के उपायुक्त श्री अर्जुन शर्मा ने किया।

<><><><><><><>

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में सर्वोच्च न्यायालय में सात न्यायाधीशों की एक पीठ ने कल बहुमत से राज्य विधानमंडल द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के भीतर उप–वर्गीकरण की अनुमति देने संबंधी फैसला सुनाया। सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष दो हजार चार के ईवी चिन्नैया के फैसले को खारिज कर दिया। ईवी चिन्नैया ने फैसले में कहा था कि अनुसूचित जाति के आरक्षण का उप–वर्गीकरण भर्तियों और सरकारी नौकरियों में स्वीकार्य नहीं है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की यू पी एस सी में चार सौ उनहत्तरवां रैंक हासिल ज़ोहरा बानू को भारतीय विदेश सेवा–आई एफ एस आवंटित किया गया है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में सुश्री ज़ोहरा बानू ने बताया कि इस महीने की छब्बीस तारीख से उन्हें मसूरी में प्रशिक्षण दिया जाएगा। बाद में दिल्ली में छः से आठ महीने का प्रशिक्षण होगा। उन्होंने कहा कि वे इस सेवा से जुड़ कर काफी उत्साहित है।

<><><><><><><>

समुद्री इंजीनियरिंग के प्रतिष्ठित अध्यक्ष और एटीवीपी अध्यक्ष वाइस एडमिरल दिनेश प्रभाकर ने कल राज निवास में उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विभिन्न विकासीय मुददों पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने बिशप जॉन रिचर्डसन अस्पताल कार निकोबार में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत ज़िला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला का वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयुक्त व सचिव स्वास्थ्य नन्दिनी पालीवाल, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और आदिवासी नेता भी उपस्थित थे। यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला नियमित चिकित्सीय जांच के अलावा महामारी जैसी बीमारियों की निगरानी करने के लिए भी सुविधाएं प्रदान करेगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में सभी स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि सुदूर आदिवासी क्षेत्र में ऐसी आधुनिक प्रयोगशाला के स्थापित होने से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी।बी जे आर अस्तपाल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनवर मूसा ने जनजातीय समुदाय की ओर से प्रशासन और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के प्रति अपना आभार प्रकट किया। विशेष स्वास्थ्य सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अस्पताल मायाबंदर और ज़िला स्वास्थ्य केन्द्र गाराचरमा में भी ऐसी प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। डॉ. आर पी अस्पताल मायाबंदर और बी जे आर अस्पताल कार निकोबार की प्रयोगशालाएं सेटेलाईट प्रयोगशाला के रूप में कार्य करेगी, जबकि ज़िला स्वास्थ्य केन्द्र गाराचरमा राज्य संदर्भ कार्यशाला के रूप मे कार्य करेगी। प्रशासन द्वारा द्वीपों में मार्च दो हजार पच्चीस तक तीनों जिलों में पीएम आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के अंतर्गत प्रयोगशाला का कार्य पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से डॉक्टर बी.आर. अम्बेडकर सभागार में कल सुबह दस बजे से एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसका उदेदश्य प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत रेहड़ी पटरी वालों को सूक्ष्म ऋण की सुविधा प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान लंबित ऋण आवेदनों के समाधान, ऋण स्वीकृति और संवितरण प्रक्रिया और डिजिटल लेन–देन पर प्रशिक्षण दिया

जाएगा। कार्यक्रम में बैंकरों और अन्य हितधारकों के समन्वय से क्यूआर कोड भी वितरित किए जाएंगे। सभी पात्र स्ट्रीट वेंडर्स से शिविर में भाग लेने और उसका लाभ उठाने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों की हायर सेकेण्डरी स्तर के ग्रुप–सी और ग्रुप–बी अराजपत्रित पदों के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। पिछले वर्ष तेईस जुलाई को इन पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। दस्तावेजों की जांच के बाद कुछ पदों में उम्मीदवारों की भर्ती नहीं हो पाई। इनमें कृषि विभाग में लैबोरेटरी असिस्टेंट के अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए एक पद और ज़िला कारागार में वीविंग इंस्ट्रक्टर का एक अनारक्षित पद शामिल हैं। पिछले वर्ष तेईस जुलाई को आयोजित लिखित परीक्षा में शामिल उम्मीदवार, जिनके पास इन पदों के लिए जरूरी तकनीकी या ट्रेड योग्यता है, उन्हें नौ अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे से सचिवालय के लघु सम्मेलन कक्ष में दस्तावेजों की जांच के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के वन स्टॉप केन्द्र, दक्षिण अंडमान में विभिन्न पदों के लिए आवेदन कर चुके योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों की सूची विभाग के सूचना पट्ट और वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। चयनित उम्मीदवारों के मूल दस्तोवेजों की जांच आठ अगस्त को सुबह नौ बजे से गोलघर स्थित समाज कल्याण निदेशालय में की जाएगी और साक्षात्कार नौ अगस्त को सुबह दस बजे से विभाग के सचिव के कक्ष में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

स्कूल ऑफ नर्सिंग में जीएनएम पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परामर्श पांच अगस्त को ली जाएगी। जी बी पंत अस्पताल परिसर में परामर्श सुबह दस बजे से आयोजित होगा और कक्षाएं बारह अगस्त से शुरू होगी।

<><><><><><><>

नगरपालिका परिषद के सचिव अमित काले ने कल स्वच्छता अधिकारी, कनिष्क अभियंता और क्षेत्र के स्वच्छता निरीक्षक के साथ वार्ड नंबर चार और आरजीटी रोड स्थित ड्राई रिसोर्स सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उदेश्य क्षेत्र में सफाई के मुद्दों का समाधान करना था। दौरे के दौरान, सचिव ने बाजार क्षेत्र में दुकानों के सामने कचरा फेंके जाने के मुद्दों पर बातचीत की। सचिव ने इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वच्छता निरीक्षक को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

<><><><><><><>

विश्व स्तनपान सप्ताह मनाए जाने के सिलसिले में कल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाराचरमा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज़िला स्वास्थ्य सोसाइटी और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाराचरमा के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में प्रातरापुर पंचायत समिति प्रमुख चंपा दास मुख्य अतिथि थीं। अपने संबोधन में उन्होंने स्तनपान जैसे कार्यक्रमों की सफलता के लिए सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इज़रा बेगम ने स्तनपान के महत्व और जच्चा–बच्चा को इससे होने वाले लाभ के बारे में बताया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्वेता ने नवजात शिशुओं और उनकी देखभाल पर जानकारी दी। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. शहाना सलाम ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अंडमान के विभिन्न भागों में बारी–बारी से लोड शेडिंग के लिए नई सारणी जारी की गई हे। पैंतालीस मिनट अवधि के लिए शाम साढ़े पांच बजे से यह कटौती रात्रि साढ़े ग्यारह बजे तक होगी।

<><><><><><><>